हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार 19 मई 2026

तापमान
अधिकतम 45 .8 डिग्री
न्यूनतम 36 .2 डिग्री

12 ब्राह्मण माजरा में बस स्टैंड निर्माण को लेकर ...



12 जिला स्तरीय शतरंज में ओजस ने जीता मुकाबला



## खबर संक्षेप

### छत से गिरकर व्यक्ति की मौत

**यमुनानगर।** गांव साबापुर में किराय के मकान में रह रहे व्यक्ति की छत से गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जाच शुरू कर दी। यूपी के जिला समस्तीपुर के गांव गुरुदतपुर निवासी 38 वर्षीय राम सूरत गांव साबापुर में किराय के मकान में रहता था। उसके पास पांच बच्चे थे। रविवार रात को वह घर की छत पर गया। इस दौरान वह छत से नीचे गली में गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सुबह जब लोग उठे तो उन्हें राम सूरत का शव गली में पड़ा देखा। उन्होंने उसके परिजनों व पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

### घर में घुसकर छेड़छाड़ व मारपीट करने का आरोप

**यमुनानगर।** रादौर थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती ने आधा दर्जन आरोपियों पर घर में घुसकर छेड़छाड़ व मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीन भाइयों समेत आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। रादौर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 25 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 16 जून 2025 को उनके गांव के ही आशीष, रिंकू, मिंटू, रोहित, आकाश व काजल उनके घर में घुस गए। आरोपियों ने आते ही उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आरोपियों ने उसके साथ छेड़छाड़ की। शोर सुनकर जब परिवार के लोग घर पर पहुंचे तो आरोपी मौके से फरार हो गए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी मगर पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। बाद में पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### 71 ग्राम हेरोइन के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**यमुनानगर।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गांव कामी माजरा से एक महिला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 71 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गांव कामी माजरा में एक महिला नशीला पदार्थ बेचने का काम करती है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ महिला के घर पर पहुंचकर तलाशी ली। तलाशी के दौरान महिला के घर के बाहर से 71 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी महिला की पहचान साहिबा के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि साहिबा लंबे समय से नशीला पदार्थ बेचने का काम कर रही थी। हेरोइन की कीमत करीब ढाई लाख रुपये है।

### छात्र ने माता-पिता को डराने के लिए खुद ही रचा अपहरण का ड्रामा

## दिनभर रही सनसनी, फर्जी निकला बच्चे के अपहरण का मामला

- पड़ोसी बच्चे की मदद से हाथ-पैर बंधवाकर बनाई अपहरण जैसी स्थिति, ग्रामीणों में मचा हड़कंप
- पुलिस ने मुकदमा रद किया, बाल कल्याण समिति में बच्चे की काउंसलिंग कराई गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। घटना के बाद थाने में पहुंचे लोग। फोटो : हरिभूमि

गांव भटली में रविवार रात बच्चे के कथित अपहरण की घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी थी, लेकिन पुलिस जांच में यह मामला पूरी तरह फर्जी निकला। थाना जगाधरी सदर पुलिस के अनुसार कक्षा सात में पढ़ने वाले छात्र यश ने अपने माता-पिता को डराने और परेशान करने के उद्देश्य से अपहरण का नाटक रचा था। घटना के बाद बच्चे के पिता कुलदीप की शिकायत पर पुलिस ने रात को मुकदमा दर्ज किया था। वहीं , ग्रामीणों ने पीछा कर जय सिटी क्षेत्र में एक युवक को पकड़ लिया, जबकि एक अन्य आरोपी के फरार होने की बात सामने आई थी। भीड़ ने पकड़े गए युवक की पिटाई भी कर दी थी, हालांकि पुलिस जांच में उसके किडनेपर होने की पुष्टि नहीं हो सकी, जिसके बाद उसे छोड़ दिया गया। थाना प्रभारी आनंद के अनुसार यह किसी भी प्रकार का अपहरण नहीं था। जांच में सामने आया कि रविवार को यश का जन्मदिन था और उसने माता-पिता से उपहार में पियानो मांगा था, लेकिन मां द्वारा इंकार किए जाने पर उसने यह पूरा नाटक रचा। एसएचओ ने बताया कि यश ने पड़ोस के एक बच्चे की मदद से अपने हाथ बंधवाए और मुंह में कपड़ा ठूंसा, जिससे यह अपहरण जैसा मामला प्रतीत हुआ। इस दौरान गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोगों ने बाइक सवारों का पीछा करते हुए हड़कंप मचा दिया। बाद में पुलिस जांच में पूरा मामला फर्जी निकला, जिसके चलते दर्ज मुकदमा रद्द कर दिया गया।डीएसपी पूजा मौके पर टीम के साथ पहुंचीं और बच्चे से पूछताछ की, लेकिन वह बार-बार अपने बयान बदलता रहा, जिससे पुलिस को शक हुआ। इसके बाद बच्चे की काउंसलिंग बाल कल्याण समिति में कराई गई। फिलहाल घटना के बाद गांव में चर्चा का माहौल बना हुआ है और पुलिस मामले को गंभीरता से लेकर जांच पूरी कर चुकी है।

## व्यापारी से रंगदारी मांगने का आरोपी गिरफ्तार

- फैक्टरी बंद करवाने और जान से मारने की धमकी दे रहा था आरोपी, पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दबोचा, आरोपी पर पहले भी हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र। जिला पुलिस ने व्यापारी से रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने के आरोपी सुरेश कुमार उर्फ बिल्ला निवासी डेरा गोबिंद माजरा को चंद घंटों में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार धुराला स्थित पानी फिल्टर फैक्टरी संचालक मोहन ने शिकायत दी थी कि आरोपी बार-बार फोन कर पैसे मांग रहा था और रकम न देने पर फैक्टरी बंद करवाने व जान से मारने की धमकी दे रहा था। थाना झांसा पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। आरोपी पर पहले से हत्या के प्रयास का मामला भी दर्ज है। पूछताछ में बताया कि व्यापारी के पास विदेश से काफी पैसे आए हैं।

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने छात्राओं को साइकिल बांटी व साइंस लैब का उद्घाटन किया

- 12 गांवों की 900 छात्राओं को दिए साइकिल, शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल गांजबड़ स्कूल में छात्राओं को साइकिल बांटते हुए।

पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत राजकीय उच्च विद्यालय, गांजबड़ में स्कूली छात्राओं के लिए साइकिल वितरित किए। साथ ही बच्चों की विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से मिनी साइंस सेंटर का भी उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के केंद्रीय ऊर्जा तथा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल उपस्थित रहे। उन्होंने एमएल डहरिया कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख की उपस्थिति में स्कूल के बच्चों को ये दो सौगातें दीं। कार्यक्रम में संजय भाटिया सांसद राज्यसभा, नरेंद्र राठी सरपंच गांजबड़, कविता राठी प्रधानाचार्य,संजय कुमार महाप्रबंधक कर्मचारी सेवाएं तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। साइंस लैब के उद्घाटन के दौरान बच्चों से बातचीत की। गौरतलब है कि पीआरपीसी ने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत आसपास के 12 गांवों में कुल 900 स्कूली छात्राओं को साइकिल वितरण की गई।

## रिहायशी भवन से ढाई तोला सोना और नकदी चोरी

**अंबाला।** आशा सिंह गार्डन कॉलोनी में दिनदहाड़े चोरों ने एक बंद मकान से लाखों रुपये के गहने और नकदी चुरा ली। चोरों ने परिवार के जाने के बाद घर का मुख्य गेट फांदकर वारदात को अंजाम दिया। अलमारी का लॉकर तोड़कर ढाई तोला सोने के गहने, 52 हजार रुपये की नकदी और चार बैंक चेक चोरी कर भाग गए। बलदेव नगर पुलिस ने चोरों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। आशा सिंह गार्डन निवासी अजय कुमार ने बताया कि वह सेल्समैन के पद पर कार्यरत है। सुबह करीब 7 बजे वह अपने पिता के साथ मकान को ताला लगाकर काम पर गए थे। दोपहर करीब 2:30 बजे जब वह घर लौटे तो घर का मुख्य ताला टूटा हुआ था व भीतर सामान बिखरा पड़ा था। पुलिस इलाके के सीसीटीवी भी खंगाल रही है।

### कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करते हुए कार्य जारी रहेगा

## असंध फोरलेन रोड निर्माण कार्य नहीं रुकेगा : कृष्ण लाल पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



54 करोड़ की लागत से बनेगी 22 किलोमीटर लंबी सड़क का हो रहा निर्माण

प्रदेश के विकास एवं पंचायत तथा खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि असंध रोड फोरलेन सड़क का कार्य निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करते हुए सड़क निर्माण कार्य को निरंतर जारी रखें। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार सड़क नेटवर्क को आधुनिक और सुरक्षित बनाने की दिशा में लगातार बड़े कदम उठा रही है। इसी कड़ी में पानीपत से जींद तक असंध रोड को फोरलेन बनाने का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। पानीपत शहर में असंध रोड स्थित नहर बाईपास से लेकर दरियापुर मोड़ तक करीब 54 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 22 किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क परियोजना क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को नई गति प्रदान करेगी। इससे पानीपत, मतलौडा और आसपास के गांवों के लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी तथा व्यापार और रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। सड़क निर्माण में बाधा बन रही कुछ 33 केवी बिजली लाइनों को शिफ्ट करने और क्रॉसिंग लाइनों की ऊंचाई बढ़ाने के लिए पीडब्ल्यूडी ने 2.42 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया है। यह टेंडर 21 मई को खोला जाएगा। इससे पहले 11 केवी लाइन शिफ्टिंग का कार्य भी तेजी से प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त पेड़ कटाई का कार्य भी लगभग पूरा हो चुका है। हरियाणा सरकार विकास और पर्यावरण संरक्षण दोनों को साथ लेकर चल रही है।

## युवक ने फंदा लगाकर किया सुसाइड

**कुरुक्षेत्र।** पिहोवा शहर के पॉश इलाके में एक युवक ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। मॉडल टाउन एरिया में वेयरहाउसिंग कॉपोरेशन के गोदाम के पीछे बने खंडहरनुमा कमरे में उसका शव लोअर के सहारे फांसी पर लटका मिला। पुलिस और सीन ऑफ क्राइम टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस के मुताबिक, वेयरहाउसिंग कॉपोरेशन के गोदाम के पीछे एक मकान बना हुआ है, जिसमें 2-3 कमरे लंबे समय से खंडहर हालत में पड़े हैं। यहां तैनात चौकीदार ने युवक का शव कमरे की छत में लगे लोहे के कुंडे से लटका देखा, तो तुरंत पुलिस को सूचना देकर बुलाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर एलएनजेपी अस्पताल कुरुक्षेत्र की मोर्चरी में भिजवा दिया। मृतक की उम्र करीब 30 से 35 वर्ष के बीच लग रही है। युवक दुबला-पतला है और उसकी लंबाई करीब 5 फीट 5 इंच है। उसने हल्के पीले रंग की बिना कॉलर वाली टी-शर्ट पहन रखी थी।

## सड़क पर मिले रुपये एक माह बाद भी मालिक का पता नहीं

**इसराना।** ब्लाक इसराना के गांव बुआना लाखू में शाहपुर गन्नौर मार्ग पर 19 अप्रैल को करीब 6.30 बजे शाम को सड़क पर एक राहगीर ने सडक़ के किनारे बैठे मास्टर अजमेर मलिक ओर ओमप्रकाश शास्त्री को बताया और नजदीक जाकर देखा तो रुपये पड़े थे। वहां पर चार ग्रामीण थे सभी ने नोटों की गिनती की कितने कितने के नोट है। चारों ने तय किया जिसके रुपये गुम हुएं वह आकर बताये। लेकिन एक महीना बितने के बाद भी कोई सडक़ पर पड़े हुए रुपयों को लेने नहीं आया। उल्लेखनीय है कि शाहपुर गन्नौर मार्ग पर गांव बुआना लाखू अड्डे पर 19 अप्रैल को किसी अज्ञात व्यक्ति के रुपये सड़क पर पड़े मिले। अभी तक कोई लेने तक नहीं आया। मास्टर अजमेर मलिक ओर ओमप्रकाश शास्त्री कहते हैं यह किसी की मेहनत की कमाई होगी अगर किसी के गुम हुएं हैं तो वह अपनी पहचान बताकर रूपए ले जाए।



इसराना। बुआना लाखू के मा. अजमेर मलिक व ओमप्रकाश शास्त्री जिनके पास रखें हुए किसी अज्ञात के गुम हुए रुपये।

### अमनदीप हत्याकांड में नए खुलासे

## कातिल ने बाजार से ही लिया था जहर और लाश उठाने के लिए बैग

- सीसीटीवी फुटेज से खुला राज, आरोपी ने अकेले दिया वारदात को अंजाम
- हत्या के बाद शव को हिमाचल के जंगल में जलाया, पुलिस की जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



मृतक अमनदीप कौर का फाइल फोटो।

इस सनसनीखेज वारदात के खुलासे में सीसीटीवी फुटेज ने अहम भूमिका निभाई। फुटेज में अमनदीप रेलवे स्टेशन के पास अंडरपास के समीप बने कमरे में जाती दिखाई दी थी, लेकिन वह वापस बाहर नहीं निकली। करीब दो घंटे बाद आरोपी संदीप एक बड़े बैग को रेहड़ी चालक मतलूम नामक व्यक्ति की मदद से नीचे लाता नजर आया था। जांच में पता चला कि संदीप ने मतलूम को केवल 100 रुपये देकर मदद के लिए बुलाया था। पुलिस ने पूछताछ के बाद शनिवार 16 मई को मतलूम को छोड़ दिया, क्योंकि जांच में उसकी हत्या में संलिप्तता सामने नहीं आई। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी संदीप पिछले लगभग एक वर्ष से रेलवे अंडरपास के पास स्थित उक्त कमरा किराये पर लेकर रह रहा था। वहीं उसने वारदात को अंजाम दिया। हत्या के बाद शव को सिरमौर के कोलार जंगल में ले जाकर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई, जिससे शव करीब 80 प्रतिशत तक जल गया। बाद में हिमाचल पुलिस और बराड़ा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में जली हुई लाश की पहचान अमनदीप कौर के रूप में हुई। बराड़ा थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार और चैकी इंचार्ज हाकम सिंह की टीम ने आरोपी संदीप को गिरफ्तार कर बीते दिवस अदालत में पेश किया था, जहां से उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया। रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद पुलिस ने आरोपी को दोबारा कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस अभी भी हत्या के पीछे के कारणों और अन्य तथ्यों की जांच में जुटी हुई है।अमनदीप कौर अपने परिवार का सहारा थी। पिता का पहले ही निधन हो चुका था, मां कैंसर से पीड़ति है जबकि छोटी बहन गंभीर बीमारी से जूझ रही है। अमनदीप बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर परिवार का पालन-पोषण करती थी। उसकी हत्या से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

### कुरुक्षेत्र में घर के बाहर खेलते समय हादसा

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से डेढ़ साल के मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

डेढ़ साल के मासूम की ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा के समय बच्चा घर के बाहर अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। परिवार का आरोप है कि हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली ड्राइवर मौके से फरार हो गया। साथ ही आरोपी पक्ष पर घर में घुसकर परिवार के साथ मारपीट और दबाव बनाने का आरोप भी लगाया।



प्रशांत

मृतक बच्चे की पहचान करीब डेढ वर्षीय प्रशांत के रूप में हुई है। उसके पिता का नाम विजयपाल और मां का नाम सीमा है। परिवार रतगल गांव में रह रहा है। परिवार मूल रूप से यूपी का रहने वाला है। परिवार में दो और बच्चे 8 साल का बेटा और 5 साल की बेटी हैं। मृतक बच्चे की मां सीमा ने बताया कि सुबह वह नहाने के लिए जाने लगी, तो उसने अपने पति विजयपाल से प्रशांत का ध्यान रखने को कहा था। आज उसके पति ने काम से छुट्टी ले रखी थी और विजयपाल घर पर ही मौजूद था। इसी दौरान बच्चा खेलते-खेलते गेट खोलकर सड़क तक पहुंच गया।

सीमा के मुताबिक, सामने पूर्व सरपंच के घर में मिट्टी डालने का काम चल रहा था। इसलिए यहां ट्रैक्टर-ट्रॉली आ-जा रहीं थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसके बेटे प्रशांत को टक्कर मार दी। इसमें बच्चे को गंभीर चोटें आईं। उसके पिता तुरंत बेटे को उठाकर प्राइवेट अस्पताल लेकर गए। अस्पताल में पहुंचने के बाद चेकअप के बाद डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।

### डॉक्टरों ने स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी

*जिले का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया*

## भीषण गर्मी व लू से जनजीवन प्रभावित, दोपहर में सड़कों पर पसरा सन्नाटा, शीतल पेय पदार्थों की बिक्री बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। विरान पड़ी शहर की सड़क। फोटो : हरिभूमि

पिछले दो दिन से गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। आलम यह है कि गर्मी का प्रकोप बढ़ चुका है। धूप में तेजी के बाद तापमान में बढ़ोतरी के साथ ही गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। दोपहर होने के साथ ही भीषण गर्मी का एहसास हो रहा है। लोग भी घरों से निकलने से पहले गर्मी से बचने का इंतजाम कर रहे हैं। दोपहर के समय सड़के वीरान लगने लगी हैं। दूसरी ओर गर्मी से बचने के लिए लोगों ने भी तरह-तरह के तरीके इजाद कर लिए हैं। वाहन चालक को वाहन चलाते समय मुंह पर कपड़ा डालने के लिए विवश होना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर गर्मी का प्रकोप बढ़ने के चलते हैं ठंडा पेय पदार्थ वालों का धंधा भी चमकने लगा है। गर्मी ने भी अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। गर्मी के तेवरों से देखकर लगता है कि आने वाले दिन लोगों के लिए भयावह हो सकते हैं। तेज हवाओं के साथ चल रही लू ने लोगों का जीना बेहाल कर दिया है। लोग तेज धूप और लू के थप्पड़ों से बचने के लिए घरों के अंदर ही दूबकने को बेबस हो गए हैं। दोपहर के समय तो सड़कों पर विरानी दिखाई देती है। गर्मी से बचाव के लिए लोग मुंह पर कपड़ा बांधकर घर से बाहर निकलते हैं। सोमवार को अधिकतम तापमान 43 और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, गर्मी बढ़ने से बाजारों में शीतल पेय पदार्थ गन्ने का रस, बेल का शरबत, नींबू पानी, आम का जूस आदि की मांग बढ़ गई है।

### डाइट पर खास ध्यान रखने की जरूरत



गर्मी के मौसम में गर्म हवाओं और तेज धूप की वजह से तरह-तरह की बीमारियों का खतरा बना रहता है। गर्मी में शरीर में पानी की कमी होने या लू लग जाने, दस्त और उल्टी की समस्या आम तौर पर देखी जाती है। ऐसे में गर्मी के दिनों में हमें अपनी डाइट पर खास ध्यान रखने की जरूरत है। इस मौसम में आपको बासी खाने और फ्रिज में रखें फूड के सेवन से परहेज करना चाहिए, इससे फूड पॉइजनिंग का खतरा होता है। जंक फूड, प्रोसेस्ड और पैकेज्ड फूड खाने से परहेज जरूरी है। गर्मियों में आइसक्रीम ज्यादा न खाएं, इससे सर्दी जुकाम का खतरा तो होता ही है, ये शरीर को गर्म कर सकती है। -**डॉ. आशीष अनेजा**, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हेल्थ सेंटर के एडमिनिस्ट्रेटर

### स्कूल समय में बदलाव करने की मांग

**कुरुक्षेत्र।** स्कूल कैडर लेक्चरर एसोसिएशन हरियाणा ने निदेशक, सेकेंडरी शिक्षा विभाग पंचकूला को पत्र लिखकर स्कूल समय में अति शीघ्र बदलाव किए जाने की मांग की है। एसोसिएशन के महासचिव अनिल सैनी ने बताया कि हरियाणा राज्य इस समय भीषण गर्मी की चपेट में है। प्रदेश के अनेक जिलों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। मौसम विभाग द्वारा 31 मई तक लू एवं अत्यधिक गर्मी का अलर्ट जारी किया गया है। सुबह का मौसम कुछ समय तक सामान्य रहता है, लेकिन 12 बजे के बाद तेज धूप और गर्म हवाएं बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने लगती हैं। विद्यालय से घर लौटते समय बच्चे लू, डिहाइड्रेशन, चक्कर आने तथा अन्य मौसमी बीमारियों के जोखिम का सामना कर रहे हैं। वर्तमान परिस्थितियों में विद्यालयों का समय प्रातःकालीन 7:30 बजे किया जाना चाहिए तथा दोपहर 12 बजे तक छुट्टी कर दी जानी चाहिए। इससे बच्चे तेज धूप और लू के प्रभाव से काफी हद तक सुरक्षित रहेंगे।

## खबर संक्षेप



### शेरसिंह बने हरियाणा नंबरदार एसो. के प्रधान

**रादौर।** हरियाणा नम्बरदार एसोसिएशन तहसील रादौर की ओर से सोमवार को कांबोज धर्मशाला में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता तहसील प्रधान नायब सिंह खुर्दबन ने की। बैठक का संचालन एवं संयोजन प्रदेश प्रवक्ता शिवकुमार संधाला नम्बरदार द्वारा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से शेरसिंह मंसूरपुर को आगामी तीन वर्षों के लिए एसोसिएशन का प्रधान नियुक्त किया गया। सदस्यों ने नवनियुक्त प्रधान शेर सिंह मंसूरपुर को फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया। शेर सिंह मंसूरपुर ने कहा कि वह अपनी नियुक्ति के लिए सभी नंबरदारों का हार्दिक आभार प्रकट करते हैं। उनका उद्देश्य नंबरदारों की मांगों को पूरा करवाना व समस्याओं का समाधान करवाना होगा।

### जनता व प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी है शिविर

**लाडवा।** एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इन शिविर के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं।

### भजन जैमिंग कार्यक्रम बना एकता व संस्कृति का प्रतीक

**पिहोवा।** यूनाइटेड किंगडम के जॉनसन स्ट्रीट स्थित असमाई मंदिर में आयोजित भजन जैमिंग एवं यूथ सम्मान समारोह ने भाईचारे, संस्कृति और युवा शक्ति की मिसाल पेश की। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक पंडित अभिषेक शर्मा और बैंड सदस्य धैर्य नायक की भक्तिमय प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में अफगान हिंदू, सिख और मुस्लिम समुदाय सहित विभिन्न प्रोफेशनल्स, युवाओं और बुजुर्गों ने भाग लेकर एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर सांसद सीमा मल्होत्रा एवं विशेष अतिथि करिश्मा, विजय भी मौजूद रहीं।

## जिला सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर लगाया

# आमजन की समस्याओं का त्वरित आधार पर किया जा रहा है समाधान : सहोता

*जिला राजस्व अधिकारी तरुण सहोता ने शिविर में सुनी लोगों की समस्याएं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला सचिवालय में सोमवार को जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला राजस्व अधिकारी तरुण सहोता ने लोगों की समास्याएं सुनी। उन्होंने अधिकांश समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया और शेष को संबंधित अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए गए।

जिला राजस्व अधिकारी तरुण सहोता ने बताया कि समाधान शिविर में जो शिकायतें प्राप्त हुई हैं। उनमें यमुनानगर निवासी सुधीर कुमार ने बिजली का बिल ठीक करवाने बारे, कलापुर निवासी बलजीत कौर ने सोलर मीटर लगवाने बारे, कांसापुर निवासी महमूदा ने मकान में गलत तरीके से बिजली के कनेक्शन लगवाने बारे व महमूदपुर निवासी सरोज बाला ने मृत्यु की गहनता से जांच करवाने बारे समेत अन्य लोगों ने अपनी समस्याएं रखी।जिनमें से अधिकांश का मौके पर निपटान कर दिया गया। शेष बची समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के पास समाधान के लिए भेज दिया गया।



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते जिला राजस्व अधिकारी तरुण सहोता।

### सप्ताह में दो दिन आयोजित किए जा रहे शिविर

जिला राजस्व अधिकारी तरुण सहोता ने बताया कि समस्या समाधान शिविरों के आयोजन में अब सरकार द्वारा बदलाव किया गया है। अब यह समस्या समाधान शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय समाधान शिविर जिला सचिवालय के सभागार में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर व्यासपुर, छछरौली व रादौर स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य है जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इस अवसर पर नगर निगम के ईओ जरनैल सिंह, डीसी ऑफिस के अधीक्षक अतुल कुमार, समाधान शिविर के विशेष सदस्य नीरज गुप्ता व खरैती लाल बतरा आदि मौजूद रहे।

## लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना है सरकार की प्राथमिकता: अरोड़ा



**यमुनानगर।** तिलक नगर में विकास कार्यों के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ करते हुए विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व मेयर सुमन बहमनी।

**यमुनानगर।** नगर निगम यमुनानगर प्रशासन द्वारा शहर के सभी वार्डों में करोड़ों रुपये के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व मेयर सुमन बहमनी ने वार्ड नंबर 20 में करीब 23 लाख 90 हजार रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया। दोनों जनप्रतिनिधियों ने पार्षद विक्रम सिंह व भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभम राणा के साथ नारियल फोड़कर निर्माण कार्यों का शुभारंभ कराया। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि शहर के तिलक नगर और टिक्की मोहल्ला क्षेत्र में विभिन्न गलियों एवं नालियों का निर्माण कराया जाएगा। स्थानीय लोगों ने लंबे समय से क्षेत्र में क्षतिग्रस्त गलियों और जल निकासी की समस्या को लेकर मांग उठाई हुई थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार और नगर निगम शहर के प्रत्येक वार्ड में बिना भेदभाव विकास कार्य करा रहे हैं। लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि जिन क्षेत्रों में सड़क, गली और नालियों की समस्या हैए वहां चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े।

### विकास कार्यों पर किए जा रहे करोड़ो रुपये खर्च

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नगर निगम द्वारा वार्डों में विकास कार्यों पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। हर वार्ड में तीन से चार करोड़ रुपये के विकास कार्य शुरू किए गए है। वार्ड 20 में 3 करोड़ 8 लाख रुपये के कार्य प्रगति पर है। वार्ड 20 में पानी की निकासी के लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। जल्द ही यहां आईपीएस बनाने का कार्य किया जाएगा। जिससे क्षेत्र की कई कॉलोनियों में होने वाले जलभराव से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और सुविधायुक्त बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में पूरे किए जाएं। ताकि लोगों को जल्द लाभ मिल सके। पार्षद विक्रम सिंह राणा ने इस कार्य के लिए मेयर व विधायक का आभार जताया।

## किसानों के लिए बेहतर विकल्प बनकर उभर रही धान की सीधी बिजाई तकनीक : डॉ.रावल

- गांव पालेवाला में हुआ किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

कृषि विज्ञान केंद्र दामला की ओर से सोमवार को गांव पालेवाला में धान की सीधी बिजाई तकनीक को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किसानों के लिए कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कृषि अधिकारियों एवं किसानों को डीएसआर तकनीक की वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना व इस तकनीक को अधिक से अधिक किसानों तक पहुँचाकर इसके व्यापक प्रसार को सुनिश्चित करना था।

कृषि विज्ञान केंद्र दामला के समन्वयक डॉ.संदीप रावल ने कहा कि वर्तमान समय में गिरते भूजल स्तर, बढ़ती मजदूरी लागत, श्रमिकों की कमी तथा जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर चुनौतियों को देखते हुए धान की सीधी बिजाई तकनीक किसानों के लिए एक प्रभावी, वैज्ञानिक एवं टिकाऊ विकल्प बनकर उभर रही है। उन्होंने बताया कि पारंपरिक धान रोपाई पद्धति में खेतों में लंबे समय तक पानी भरा रहने के कारण भूजल का अत्यधिक दोहन होता है, जबकि डीएसआर तकनीक में पानी की आवश्यकता अपेक्षाकृत कम होती है। इससे जल संरक्षण को बढ़ावा मिलता है। वर्षा जल का बेहतर अवशोषण संभव होता है जिससे भूजल स्तर को बनाए रखने में सहायता मिलती है।



**रादौर।** यमुनानगर के गांव पालेवाला में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को जानकारी देते विशेषज्ञ।

### डीएसआर धान में प्रभावी खरपतवार प्रबंधन का महत्व

डॉ.रावल ने धान की सीधी बिजाई में खरपतवार प्रबंधन के महत्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया कि डीएसआर तकनीक की सफलता काफी हद तक समय पर एवं प्रभावी खरपतवार नियंत्रण पर निर्भर करती है। उन्होंने किसानों को बिजाई के तुरंत बाद उपयुक्त खरपतवारनाशी के प्रयोग, 10 से 12 दिन बाद खरपतवारों की 2 से 4 पत्ती अवस्था में अनुशंसित दवाइयों के छिड़काव तथा 30 से 35 दिनों के भीतर प्रभावी खरपतवार नियंत्रण की वैज्ञानिक जानकारी प्रदान की।

### डीएसआर तकनीक से लागत कम, आय में वृद्धि

डॉ.आराधना बाली ने कहा कि डीएसआर तकनीक वर्तमान समय की वैज्ञानिक, व्यवहारिक एवं लाभकारी खेती पद्धति है। इस तकनीक से खेती की लागत कम होने के साथ किसानों की आय में वृद्धि होती है तथा समय एवं श्रम दोनों की बचत होती है। कृषि विज्ञान केंद्र दामला के वैज्ञानिकों ने प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए इस तकनीक को अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## रात्रि ठहराव व जनता दरबार में जनता से किया जाएगा सीधा संवाद: गुप्ता

- जिला प्रशासन द्वारा 21 मई को गांव ताहरपुर में जनता दरबार व रात्रि ठहराव होगा
- नगराधीश पीयूष गुप्ता ने दी जनता दरबार व रात्रि ठहराव के आयोजन की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा 21 मई को गांव ताहरपुर के राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में जनता दरबार व रात्रि ठहराव का आयोजन किया जाएगा। रात्रि ठहराव में जनता से उपायुक्त प्रीति व पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे। उक्त जानकारी नगराधीश पीयूष गुप्ता ने दी।

### जनहितकारी नीतियों की जानकारी देने के लिए विभागीय प्रदर्शनी लगाई जाएगी

नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा निर्देशों की अनुपालना जिला प्रशासन की ओर से प्रभावी ढंग से की जा रही है। इसी कड़ी में समाधान शिविर के साथ ही जनता दरबार व रात्रि ठहराव कार्यक्रम भी निरन्तर किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जाएगा। हरियाणा सरकार की जनहितकारी नीतियों की जानकारी देने के लिए विभागीय प्रदर्शनी लगाई जाएगी। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि उपरोक्त कार्यक्रम में निश्चित तिथि, समय व स्थान पर सभी अधिकारी पहुंचना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि उपायुक्त प्रीति के आदेशानुसार कार्यक्रम के दौरान अपने से छोटे अधिकारी,कर्मचारी को बिना अनुमति के न भेजा जाए। आदेशों की दृढ़ता से पालना की जाए।

## जीवन में समय का सदुपयोग करना बेहद जरूरी

- सत्यार्थ ग्रुप ऑफ इंडिया रादौर द्वारा समय का सदुपयोग विषय पर हुआ वेबिनार
- वेबिनार में मुख्य वक्ता के रुप में शिक्षाविद मोतीलाल आर्य ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर




**यमुनानगर।** सत्यार्थ ग्रुप ऑफ इंडिया रादौर द्वारा आयोजित वेबिनार में अपने विचार व्यक्त करते हुए वक्ता।

सत्यार्थ ग्रुप ऑफ इंडिया रादौर के तत्वावधान में समय का सदुपयोग विषय पर तपोनिष्ठ संन्यासी स्वामी सोममुनी के सानिध्य में ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रुप में आर्य समाज आबू रोड एवं वैदिक कन्या सीनियर सैकेंडरी स्कूल राजस्थान के शिक्षाविद मोतीलाल आर्य ने भाग लिया। वहीं, वेबिनार की अध्यक्षता सत्यार्थ ग्रुप के चेयरमैन एवं कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सौरभ आर्य ने की।

मुख्यातिथि मोतीलाल आर्य ने कहा कि जीवन में समय का सदुपयोग करना बेहद जरुरी है। क्योंकि समय की गति रुकती नहीं है और वह निरंतर तेज गति से बढ़ती रहती है। उन्होंने कहा कि समय घोड़े की तरह दौड़ता हुआ निरंतर प्रवाह है जो घटनाओं को अतीत वर्तमान और भविष्य में विभाजित करता है। समय हमें सुअवसर प्रदान करता है कि हमे उन्नति का या पतन का मार्ग चुनना है। वहीं, महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक हरियाणा से डिपार्मेंट आफ होटल मैनेजमेंट के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. संजीव कुमार ने कहा कि समय की कभी कमी नहीं होती है।

### समय की बर्बादी से बचें

नई दिल्ली से ग्लोबल युगधारा के एंकर अर्चना सिंह ने कहा कि समय के सदुपयोग की शिक्षा बाल्यकाल से ही देना जरूरी है। तभी अपने जीवन के कीमती समय व देश को सुरक्षित बना सकते है। अधिवक्ता मदनपाल कांबोज ने कहा कि अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समय की बर्बादी से बचें। क्योंकि बीता हुआ समय दोबारा नहीं लौटता है। इसलिए समय के सदुपयोग करने वालों को काल ज्ञानी कहा गया है। वहीं, पटना बिहार से शानदार सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के सीईओ एवं मोटीवेशनल स्पीकर लालू कुमार ने कहा कि कम से कम समय में ज्यादा से ज्यादा ग्रहण करके सीखने की कला ही समय के सदुपयोग से सफलता हासिल कराती है। इसी तरह जम्मू कश्मीर से भारत भूषण परिहार ने कहा कि परिवार समाज और देश के लिए समय निकालकर संतुलित जीवन जीने का प्रयास करें।

## बच्चों की दैनिक गतिविधियों पर रखें पैनी नजर: गोयल

- जिला पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने जिलेवासियों को गर्मी के मौसम में बच्चों को नदी, नालों, तालाब व स्विमिंग पूल आदि पर अकेले नहीं जाने देने की दी सलाह
- पुलिस प्रशासन ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



जिला पुलिस प्रशासन ने गर्मी के मौसम में बच्चों को नदी, नालों व तालाबों में जाने के लिए जिलेवासियों को ऐहतियात बरतने के लिए आहवान किया है। इस संबंध में पुलिस प्रशासन ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर एडवाजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने जिलेवासियों को एडवाइजर का पालन करते हुए अपने बच्चों की दैनिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखने की सलाह दी है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि अपने बच्चों को गर्मी के मौसम में नदी, नाले, तालाब तथा स्विमिंग पूल इत्यादि जगहों पर अकेला जाने से रोकना चाहिए।

उन्होंने आमजन से अपने बच्चों की दैनिक गतिविधियों पर नजर रखने के लिए आहवान किया है। उन्होंने बताया कि अक्सर गर्मी के मौसम को देखते हुए कई बार बच्चे एवं युवक इकट्ठे होकर नहाने के लिए किसी नदीए, नाले या तालाब आदि जगहों पर चले जाते हैं। पानी का बहाव तेज होने तथा तैरना नहीं आने की वजह से अक्सर दुखदाई घटनाएं हो जाती हैं। हादसे की वजह से परिवार पूरी तरह से टूट जाता है तथा कई पीढ़ियों तक भी नहीं उभर पाता। अक्सर देखने में आया है कि कई युवक नहर के किनारे बैठकर शराब वगैरा आदि का सेवन भी करते हैं। उसके बाद नहर में नहाते हैं। नशा होने के कारण अक्सर नहर में डूबने से मौत हो जाती है। भविष्य में इस प्रकार की कोई घटना घटित न हो उसको रोकने के लिए पुलिस द्वारा भरसक प्रयास किये जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने जिला के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि अपनी नियमित गश्त के साथ साथ उनके थाना क्षेत्र में आने वाली सभी नहरों, नालों तथा तालाबों पर भी विशेष निगाह रखें तथा लोगों को इस संबंध में जागरूक भी करें।

उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिए कि नहर व नदी किनारे गाड़ियां खड़ी कर शराब तथा अन्य प्रकार का नशा करने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई करें।

### एड्स के प्रति जानकारी रखने में ही है बचाव

**रादौर।** रादौर के सरकारी अस्पताल में सोमवार को विश्व एड्स वैक्सीन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एसएमओ डॉ.विजय परमार ने विश्व एड्स वैक्सीन दिवस पर बताया कि प्रत्येक वर्ष 18 मई को विश्व एड्स वैक्सीन दिवस मनाया जाता है। इस दिन को सेलिब्रेट करने का मुख्य मकसद लोगों को वैक्सीन या टीके के प्रति जागरूक करना और एचआईवी एड्स के प्रति शिक्षित करना है। डॉ.परमार ने कहा कि इस दिवस को एचआईवी वैक्सीन अवेयरनेस डे के रूप में भी जाना जाता है। एड्स क्या है, यह कैसे फैलता है, एचआईवी टीका क्या है, एचआईवी एड्स की ओर कैसे जाता है, इसे जानना सभी के लिए बेहद जरूरी है। एड्स एक जानलेवा बीमारी है।

## युवा पीढ़ी को नशा जैसी बुराई से दूर रखना जरुरी: त्यागी

- संगठन के जिला अध्यक्ष कृष्ण त्यागी ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में रादौर की पंजाबी धर्मशाला में मां जगत जननी जगदंबा व सतगुरु देव शक्तिपुत्र महाराज की मासिक महा आरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष कृष्ण त्यागी ने की। इस दौरान मंच संचालन तेजपाल ने किया। वहीं, रीना रानी व मुधबाला ने मां के जयकारे लगवाए।

संगठन के जिला अध्यक्ष कृष्ण त्यागी ने कहा कि आज समाज में जहां चारों ओर हाहाकार का माहौल बना हुआ है। वहीं भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्य घर घर जाकर एक घंटे का आरती क्रम, पांच घंटे के चालीसा पाठ का कर्म व 24 घंटे के चालीसा पाठ का अनुष्ठान घर घर जाकर निःशुल्क भाव से कर रहे हैं। संगठन के सदस्य लोगो को धर्म के पथ पर बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहे है। उन्होंने कहा कि इस कली काल में जो लोग परम पूज्य गुरुवर से जुड़े हैं वह साधना पथ पर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज समाज में जो अनीति, अधर्म व अत्याचार बढ़ता जा रहा है। जिसे आज किसी भी कानून का डर नहीं है। आज समाज में एक अजीब सा माहौल बन गया है।



**यमुनानगर।** रादौर पंजाबी धर्मशाला में आयोजित महाआरती में भाग लेते श्रद्धालु।

## कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा कर रहे हैं रादौर विधानसभा क्षेत्र का विकास : नेपाल सिंह राणा

- भाजपा नेता नेपाल सिंह ने सुनी हल्कावासियों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा ने कार्यालय पर हल्कावासियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने जन समस्याओं को हलका विधायक एवं कृषि मंत्री के पास भेज दिया। नेपाल सिंह राणा ने कहा कि वह रोजाना उनके कार्यालय पर आए हल्का वासियों की समस्याएं सुनते हैं तथा क्षेत्र के विकास कार्यों से संबंधित मांगों को लिखित रूप में लेकर कर रादौर हल्का विधायक एवं कृषी मंत्री श्याम सिंह राणा के पास भेजकर समाधान करवाते हैं। ताकि हल्के में विकास कार्यों की गति निरंतर बनी रहे। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री आम जनता के साथ सीधे जुड़े हुए हैं तथा उनकी हर समस्या का समय से समाधान करवाने में जुटे हैं। उन्होंने आम जनता से आह्वान किया कि वे स्वदेशी अपनाकर देश को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करें। नेपाल सिंह राणा ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत की कल्पना को साकार करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता, मजबूत इच्छाशक्ति और जन-कल्याण के प्रति समर्पण ने भारत को विश्व पटल पर एक सशक्त राष्ट के रूप में स्थापित किया है।



**यमुनानगर।** रादौर में लोगों की समस्याएं सुनते भाजपा नेता नेपाल सिंह।

## बच्चों व बुजुर्गों को घर से बाहर न निकलने का किया आह्वान

# हीट वेव से बचने के लिए बरतें सावधानी: प्रीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

मौसम में प्रतिदिन तापमान में रही बढ़ोतरी के चलते उपायुक्त प्रीति ने नागरिकों को हीट वेव (लू) के प्रकोप से बचाव के लिए विशेष सावधानियां बरतने की सलाह दी है। उन्होंने जिलेवासियों से लू चलने के दौरान बच्चों व बुजुर्गों को घर से बाहर नहीं निकलने देने का अनुरोध किया है।

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि गर्मी के कारण हमारे शरीर में पानी की मात्रा तेजी से कम होती है। इसलिए पूरे दिन भर पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। प्यास महसूस न हो तब भी पानी पिएं। इससे शरीर का तापमान नियंत्रित रहता है और हम डी हाइड्रेशन के शिकार होने से बच जाते हैं। उन्होंने बताया कि धूप में बाहर जाने के दौरान हल्के रंगो के ढीले फिटिंग के तथा सूती कपड़े पहनें। शरीर को पुनःहाइड्रेट करने के लिए ओआरएस का घोल, घर का बना पेय जैसे लस्सी, नींबू पानी, छाछ आदि का प्रयोग करें। बिना किसी कार्य के घर से बाहर न निकलें। तापमान अधिक होने की स्थिति में कड़ी मेहनत का कार्य न करें। उन्होंने बताया कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से जारी की गई एडवाइजरी के अनुसार गर्मी व लू से बचने के लिए नागरिक दोपहर के समय विशेषकर 12 से 3 बजे के बीच बाहर जाने से बचें।

### पशुधन व पालतू जानवरों को गर्मी से बचाएं



उपायुक्त प्रीति ने जिला की जनता को आहवान किया है कि वह अपने बचाव के साथ ही पशुधन का भी गर्मी से बचाव करें। उन्होंने बताया कि अपने पशुधन के साथ साथ पालतू जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पीने के लिए भरपूर मात्रा में पानी दें। वहीं, बेजुबान पशुओं और पक्षियों का भी ध्यान रखें। जहां पर पक्षी वगैरह आते हैं वहां पर पानी का उचित प्रबंध अवश्य करें। ताकि प्यास लगने पर पक्षी पानी पी सकें। उन्होंने बताया कि पशुओं को गर्मी से बचाव के लिए विभागीय अधिकारियों द्वारा बताए गए जरूरी दिशा निर्देश पालन करना चाहिए।

गर्मी व लू की स्थितियों के दौरान पशुओं में आने वाली बीमारियों के लक्षण व उससे बचाव के बारे में पशु चिकित्सा विभाग के पशु चिकित्सक लोगों को जागरूक भी कर रहे। इसी परिप्रेक्ष्य में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा किसानों एवं पशु पालकों को सलाह दी गई है कि गर्मियों के दिनों में अपने पशुओं को गर्मी व लू से बचाने के लिए उचित उपाय और प्रबंधन करें।

## अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर श्रीकृष्ण संग्रहालय में करवाई विभिन्न गतिविधियां

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कृतिका, अर्नव गर्ग और वृंदा गर्ग की टीम रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। विजेताओं को सम्मानित करते अतिथिगण।

अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस-2026 के उपलक्ष्य में श्रीकृष्ण संग्रहालय द्वारा विविध शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं कलात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस-2026 का विषय विभाजित विश्व को एकजुट करते संग्रहालय अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय परिषद द्वारा निर्धारित किया गया है। इसी विषय को केंद्र में रखते हुए विद्यार्थियों एवं युवाओं में सांस्कृतिक विरासत, संग्रहालयों तथा भारतीय कला परंपराओं के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किए गए। 16 मई को संग्रहालय सभागार में हेरिटेज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कुरुक्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. कुलदीप आर्य रहे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन संग्रहालय के क्यूरेटर-सह-कलाकार बलवान सिंह द्वारा पावरपॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से किया गया। प्रतियोगिता के प्रश्न भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं उपदेश, श्रीकृष्ण संग्रहालय की दीघार्ओं एवं प्रदर्शित वस्तुओं तथा 48 कोस कुरुक्षेत्र की विरासत एवं सांस्कृतिक परंपराओं पर आधारित थे। प्रतियोगिता से पूर्व विद्यार्थियों को संग्रहालय की विभिन्न गैलरियों का भ्रमण भी करवाया गया, ताकि वे संग्रहालय में प्रदर्शित कलाकृतियों, पुरातात्विक अवशेषों तथा महाभारत एवं श्रीकृष्ण विषयक प्रदर्शनों को निकट से समझ सकें। प्रतियोगिता में गीता निकेतन आवासीय विद्यालय की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की टीम में कृतिका, अर्नव गर्ग एवं वृंदा गर्ग शामिल रहे। द्वितीय स्थान राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने प्राप्त किया, जिसकी टीम में लिजा, चार्वी सिंह एवं प्रांजलि शामिल रहीं। तृतीय स्थान जगत गुरु ब्रह्मानंद विद्या निकेतन ने प्राप्त किया, जिसकी टीम में सुमित्रा, आयुष तथा लोकेश शामिल रहे। सोमवार को आयोजित मुख्य कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य अशोक रोशा मुख्य अतिथि तथा अल्केश मौद्गिल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के लेखा अधिकारी सचिन मक्कड़ एवं एस.डी.ओ. भूपिंदर वालिया द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को सिंधु-सरस्वती सभ्यता की मुहरों की प्रतिकृतियां स्मृति-चिह्न के रूप में भेंट की गईं।

### प्राचीन मूर्तियों की प्रतिकृतियां प्रदान की

*कार्यक्रम के दौरान हेरिटेज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रशंसा प्रमाण-पत्रों के साथ-साथ संग्रहालय में प्रदर्शित प्राचीन मूर्तियों की प्रतिकृतियाँ स्मृति-चिह्न के रूप में प्रदान की गईं। बलवान सिंह, क्यूरेटर-सह-कलाकार ने बताया कि ये प्रतिकृतियाँ केवल पुरस्कार नहीं, बल्कि भारतीय कला, इतिहास एवं सांस्कृतिक विरासत से जुड़ाव और उसे समझने की प्रेरणा का प्रतीक हैं। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया ने कहा कि कुरुक्षेत्र महाभारत एवं श्रीमद्भगवद्गीता की पावन भूमि है, जो सदियों से ज्ञान, धर्म एवं संस्कृति का संदेश देती आ रही है।*

### डीपीएस स्कूल के बच्चों ने किया संग्रहालय का भ्रमण



कुरुक्षेत्र। दिल्ली पब्लिक स्कूल में छठी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को कृष्ण संग्रहालय का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को स्कूल की तरफ से बिल्कुल फ्री करवाया गया। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को हमारे इतिहास कला और संस्कृति से व्यावहारिक रूप से रूबरू कराना है। कृष्ण संग्रहालय इतिहास और संस्कृति के बारे में जानने के लिए बेहतरीन जगह है। इनमें बहुत सारी कलाकृतियां और प्रदर्शनियां होती हैं। जो हमें दिखाते हैं कि लोग अतीत में कैसे रहते थे। छात्रों के लिए यह अपने इतिहास के बारे में जानने का एक अच्छा अवसर है। संग्रहालय केवल पुरानी वस्तुओं को रखने की जगह नहीं है बल्कि यह अतीत, वर्तमान और भविष्य के बीच एक महत्वपूर्ण पुल है। संग्रहालय का मुख्य महत्व हमारी सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित करना, शिक्षा प्रदान करना और समुदायों को आपस में जोड़ना है।

### नवयुग स्कूल के विद्यार्थियों ने किया पैनोरमा का भ्रमण



थानेसर। नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा षष्ठम के विद्यार्थियों के लिए अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति, इतिहास एवं महाभारत कालीन घटनाओं से संबंधित दुर्लभ एवं आकर्षक प्रदर्शनों का अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने पैनोरमा में प्रदर्शित महाभारत युद्ध के जीवंत दृश्यों, ऐतिहासिक चित्रों एवं सांस्कृतिक धरोहरों को बड़े उत्साह एवं जिज्ञासा के साथ देखा। संग्रहालय में संरक्षित प्राचीन वस्तुओं, मूर्तियों एवं कलाकृतियों ने विद्यार्थियों को भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति की समृद्ध विरासत से परिचित कराया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने साइंस पार्क का भी भ्रमण किया, जहाँ विभिन्न वैज्ञानिक उपकरणों, कार्यशील मॉडलों एवं रोचक विज्ञान गतिविधियों ने विद्यार्थियों को अत्यंत आकर्षित किया।

---

को-ऑपरेटिव सोसाइटी चुनाव को लेकर लगाया आरोप

## चुनाव में ज्यादा वोट लेने वाला कैंडिडेट हारा


कुरुक्षेत्र। चुनाव के बाद एकत्रित हुए ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पिहोवा में को-ऑपरेटिव सोसाइटी चुनाव को लेकर बड़ी चूक सामने आई है। यहां एक कैंडिडेट ने चुनाव में सबसे ज्यादा वोट लेने का दावा किया, लेकिन उसे विजेता घोषित करने की बजाय कम वोट पाने वाले को मेंबर घोषित करने का आरोप लगाया। इसकी वजह बताई गई कि जिस सीट पर चुनाव लड़ा गया, वह एससी वर्ग के लिए रिजर्व थी और सबसे ज्यादा वोट लेने वाला कैंडिडेट ओबीसी वर्ग से है। अब सवाल यही उठ रहा है कि अगर सीट एससी वर्ग के लिए रिजर्व थी, तो फिर ओबीसी उम्मीदवार का नॉमिनेशन स्वीकार कैसे हुआ? चुनाव चिन्ह क्यों बांटे गए? वोटिंग क्यों करवाई गई? रविवार को सोसाइटी के 10 मेंबर पदों के लिए चुनाव कराया गया। सेना से रिटायर थाना गांव के कैंडिडेट मामचंद ने बताया कि मैंने नॉन एग्रीकल्चर कैटागिरी में सोसाइटी का मेंबर बनने के लिए अपना नॉमिनेशन भरा था। दिनभर चुनाव को लेकर माहौल गर्म रहा और शाम तक वोटिंग के बाद उम्मीदवार अपनी जीत के दावे करने लगे। मामचंद ने दावा किया कि उनको सबसे ज्यादा 174 वोट मिले, जबकि बलकार सिंह को 50 और बलबीर सिंह को 54 वोट मिले। वोटों के हिसाब से जीत उनकी बनती थी, लेकिन प्रशासन ने 54 वोट पाने वाले बलबीर सिंह को विजेता घोषित कर दिया।

### इलेक्शन बिल्कुल सही हुआ : प्रदीप कुमार

इस मामले लेकर पोलिंग बूथ पर पहुंचे एआरओ प्रदीप कुमार ने बताया कि रूल और एक्ट के इलेक्शन सही हुआ है। मामचंद के आरोप पर कहा कि इसमें 7 मेंबर एग्रीकल्चर और 3 नॉन एग्रीकल्चर से बनाते हैं। नॉन एगीकल्चर में एक एससी वर्ग का मेंबर लेना होता है। अगर 10 प्रतिशत वोट ओबीसी (बीसी) के हो, तो उसे मेंबर लिया जाता है। इसके अलावा एससी और जरनल वर्ग की महिलाएं चुनी जाती हैं। चुनाव हरियाणा को-ऑपरेटिव सोसाइटी एक्ट 1984 की धारा 28 के अनुसार है।

---

### खबर संक्षेप



#### सफाई कर्मचारियों को किया जागरुक

थानेसर। जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कुरुक्षेत्र दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज के दिशानिर्देशनुसार एडीआर सेंटर, कुरुक्षेत्र में प्लास्टिक मुक्त हरियाणा, हरित आज सुरक्षित कल प्रदूषण नियंत्रण, प्लास्टिक में कमी एवं जल संरक्षण अभियान के तहत सफाई कर्मचारियों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

#### गीता कन्या विद्यालय की छात्राएं का सम्मान

कुरुक्षेत्र। विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 6 से 9 तथा कक्षा 11 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय, थानेसर में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम समाजसेवी संस्था जनकल्याण मंच कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित किया गया, जिसके अध्यक्ष दलबीर सिंह मलिक हैं। समारोह में विद्यालय की प्रतिभावान छात्राओं महक 11वीं विज्ञान संकाय, स्मृति 11वीं वाणिज्य संकाय, पूजा सातवीं, मन्नत आठवीं, कृति नवमी एवं अंशिका छठी कक्षा को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

#### सुरेश बवेजा बने श्रीक्षेत्रपाल सेवा समिति के प्रधान

पिहोवा। श्रीक्षेत्रपाल सेवा समिति पिहोवा की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से समिति के नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई। समिति के कोषाध्यक्ष जय भगवान शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में सुरेश बवेजा को प्रधान, विजय शर्मा को उपप्रधान, योगेश शर्मा को सह उपप्रधान, हेमंत शर्मा को महासचिव तथा जय भगवान शर्मा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा मिथुन अत्री को सह सचिव एवं कानूनी सलाहकार तथा सुरेश वर्मा को प्रेस सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई।

---

## सटीक जानकारी देकर जनगणना में करें सहयोग : मेहता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि भारत सरकार द्वारा राज्य में देशव्यापी जनगणना का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान प्रशासन द्वारा अधिकृत प्रगणक घर-घर पहुंचकर नागरिकों से आवश्यक सामान्य जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। आमजन गणना कर्मियों का सहयोग करें और उन्हें सटीक और नवीनतम जानकारी दें। गणना कर्मियों के पहचान पत्र अवश्य देखें और बैंक अकाउंट संबंधी कोई जानकारी साझा न करें। एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्य है। स्व-गणना के चरण के बाद प्रगणकों द्वारा अब घर-घर जाकर गणना का कार्य किया जा रहा है जो कि 30 मई तक पूरा किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिकों द्वारा दी गई सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और इसे किसी भी व्यक्ति या संस्था के साथ साझा नहीं किया जाएगा।

### 33 सवाल पूछे जाएंगे



एसडीएम ने कहा कि प्रगणक भवन नंबर या जनगणना नंबर, मकान नंबर, मकान के फर्श में इस्तेमाल प्रमुख सामग्री, (यानी कि फर्श सीमेंट का है, ग्रेनाइट है, मार्बल है), मकान की दीवार में इस्तेमाल सामग्री, मकान की छत में इस्तेमाल सामग्री, मकान का इस्तेमाल, मकान की हालत, परिवार क्रमांक, परिवार के सदस्यों की संख्या, परिवार के मुखिया का नाम, परिवार के मुखिया का लिंग, जाति, (सामान्य, अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी), मकान के स्वामित्व की स्थिति, मकान में कमरों की संख्या, विवाहित दंपतियों की संख्या, पेयजल का सोर्स, पेयजल की उपलब्धता, बिजली का सोर्स, शौचालय की उपलब्धता, शौचालय का प्रकार, गंदे पानी की निकासी, स्नानघर की उपलब्धता, गैस कनेक्शन, खाना पकाने का मुख्य ईंधन, रेडियो/ट्रांजिस्टर / टीवी, इंटरनेट की सुविधा, लैपटॉप /कंप्यूटर, टेलीफोन/मोबाइल/स्मार्ट फोन, साइकिल/स्कूटर/मोटरसाइकिल, कार/ जीप / वैन, मुख्य अनाज तथा मोबाइल नंबर सहित 33 सवाल पूछे जाएगें।

## गुरु रविदास महाराज का 650वां जन्मोत्सव को देशभर में मनाएगी रविदास महापीठ : डॉ. बनवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं श्रीगुरु रविदास विश्व महापीठ के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. बनवारी लाल ने कहा है कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज हम सब के लिए परम आस्था का प्रतीक है। गुरु महाराज जी का 650वां जन्मोत्सव वर्ष चल रहा है और सामाजिक रूप से गुरु रविदास विश्व महापीठ देशभर में यह जन्मोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित करेगी। पूर्व मंत्री डॉ. बनवारी लाल यहां विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उनके साथ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के पूर्व सदस्य एवं महापीठ के संगठन महामंत्री सूरजभान कटारिया, प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी एडवोकेट, प्रदेश महामंत्री कृष्ण भुक्कल और स्वामी इंद्र आदि भी मौजूद रहे। उन्होंने संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के दोहे /"ऐसा चाहूं राज मैं, मिले सबन को अन्न, छोटे बड़े सम बसे, रविदास रहे प्रसन्न/" की महत्ता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासकीय स्लोगन सब का साथ सब का विकास और सब का विश्वास से जोड़ कर बताते हुए कहा कि आज देश भर का रविदासी समाज भारतीय जनता पार्टी के साथ खड़ा है।

### डॉ राज रुप फुलिया ने दीपिका को दसवीं की परीक्षा में टॉपर बनने पर किया सम्मानित

कुरुक्षेत्र। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की दसवीं की परीक्षा की टॉपर दीपिका का पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव हरियाणा सरकार एवं आईएस रिटायर्ड डॉक्टर राजरूप फुलिया ने दीपिका के घर जाकर उसे इस उपलब्धि पर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डॉक्टर राजरूप फुलिया ने दीपिका को हरियाणा



विद्यालय शिक्षा बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में टॉपर आने पर बधाई दी और उनके कुशल भविष्य की कामना की। डॉक्टर राजरूप फुलिया ने दीपिका की इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की दीपिका जैसी बेटियों के ऊपर पर नाज है। दीपिका ने गरीबी में रहते हुए शिक्षा के क्षेत्र में जो मुकाम हासिल किया है वह उसकी मेहनत का फल है। उन्होंने दीपिका के माता-पिता को भी बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने कष्ट सहन करने के बावजूद अपनी बेटी की पढ़ाई जारी रखी और बेटी को काबिल बनाया। उन्होंने कहा कि दीपिका की इस उपलब्धि के पीछे माता-पिता का भी बहुत बड़ा रोल है। उन्होंने दीपिका के माता-पिता को बधाई देते हुए कहा कि दीपिका एक होनहार बेटी है अगर उसे इसी तरीके से पढ़ाई में मदद मिलती रही तो वह दिन-दूर नहीं जब वह आने वाले दिनों में अन्य परीक्षाओं में भी अपनी काबिलियत का लोहा मनआएगी ।

## गीता कन्या विद्यालय में मनाया आदर्श वंदना तथा सुलेख पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



हिंदू शिक्षा समिति एवं विद्या भारती हरियाणा के संयुक्त तत्वाधान में गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अमीन मार्ग में 1 मई से 15 मई 2026 तक आदर्श वंदना तथा सुलेख पखवाड़ा मनाया गया। विद्यालय में पूरा वर्ष आदर्श वंदना का एक ही स्वरूप रहता है। फिर भी प्रत्येक वर्ष विद्यालय में नव प्रवेश बच्चों को विद्यालय वंदना से परिचित करवाने हेतु आदर्श वंदना पखवाड़ा मनाया जाता है। जिसके अंतर्गत प्रतिदिन मासिक गीत, प्रातः स्मरण, एकात्मता स्त्रोत,दीप स्तुति, सरस्वती वंदना ,ब्रह्मनाद, ध्यान, गायत्री मंत्र, मातृभू वंदना, शांति मंत्र व प्रत्येक सोमवार को राम स्तुति, मंगलवार को हनुमान चालीसा, बुधवार को प्रातः स्मरण, वीरवार को एकात्मता स्तोत्र, शुक्रवार को णमोकार मंत्र, शनिवार को गुरुवाणी मूल मंत्र कराया जाता है। प्रत्येक बच्चे का जन्मदिन तिलक लगाकर, रक्षा सूत्र बांधकर, जन्मदिन कार्ड देकर व मंगलगीत गाकर सभी छात्राओं व आचार्यों के आशीर्वाद के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कलेर, उपाध्यक्ष जितेंद्र जांगड़ा, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी आदि मौजूद रहे।

### शिवांग गर्ग बने अग्रवाल वैश्य समाज थानेसर युवा विधानसभा इकाई के अध्यक्ष

थानेसर। अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानी वाला एवं प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला के मार्गदर्शन एवं अनुशंसा पर जिला



कुरुक्षेत्र की युवा अग्रवाल वैश्य समाज की थानेसर विधानसभा इकाई का विधिवत गठन किया गया। इस नई इकाई के गठन का उद्देश्य समाज में युवाओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना, संगठन को मजबूत बनाना तथा सामाजिक, शैक्षणिक एवं सेवा कार्यों को नई दिशा प्रदान करना है। नवगठित युवा विधानसभा इकाई में शिवांग गर्ग को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त अभिषेक एवं अंकुश गर्ग बबलू को उपाध्यक्ष, आकाश गुप्ता को महासचिव, जोशिल अग्रवाल को कोषाध्यक्ष,अंकुर गर्ग को जनसंपर्क अधिकारी तथा विशाल गर्ग, विशाल गोयल, हिमांशु एवं राजेश मोनू को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानी वाला ने नव नियुक्त युवा पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवा शक्ति किसी भी समाज और संगठन की सबसे मजबूत नींव होती है।

---

**कार्यक्रम** टीबी एवं मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक जागरूकता सेमिनार

# मानसिक तनाव से बचने के लिए विद्यार्थी परिवार व अध्यापकों से खुलकर करें बात

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद



शाहबाद। अतिथियों का स्वागत करते आयोजक।

सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शाहाबाद मारकंडा तथा रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा के संयुक्त तत्वावधान में स्कूल परिसर में टीबी एवं मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं स्टाफ को टीबी उन्मूलन हेतु जागरूकता शपथ भी दिलाई गई तथा विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्टाफ को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल प्रधानाचार्य एवं रोटरी प्रधान रो. डॉ. आर. एस. घुम्मन द्वारा की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज के समय में शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम करने तथा सकारात्मक सोच रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि टीबी जैसी बीमारियों के प्रति जागरूकता और समय पर उपचार से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। साथ ही मानसिक तनाव से बचने के लिए विद्यार्थियों को परिवार, अध्यापकों एवं मित्रों से खुलकर बातचीत करनी चाहिए। सेमिनार में डॉ. दिनेश ने टीबी रोग के कारण, लक्षण एवं बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लगातार खांसी, बुखार, वजन कम होना और कमजोरी टीबी के प्रमुख लक्षण हो सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को समय पर जांच करवाने तथा डॉक्टर की सलाह अनुसार पूरा उपचार लेने के लिए प्रेरित किया। मानसिक स्वास्थ्य विषय पर नर्सिंग ऑफिसर श्रीमती राज ने विद्यार्थियों को मानसिक तनाव, चिंता एवं अवसाद से बचने के उपाय बताए।

### एचपीवी वैक्सीन के महत्व के बारे बताया


एडिशनल एसएमओ डॉ. कुलदीप राज ने स्वास्थ्य सेवाओं एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से एचपीवी वैक्सीन के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि यह वैक्सीन लड़कियों को गंभीर बीमारियों, विशेषकर सर्वाइकल कैंसर से बचाने में सहायक होती है। उन्होंने बताया कि समय पर लगाया गया एचपीवी टीका भविष्य में स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए अत्यंत लाभदायक है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा सरकार द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण कार्यक्रमों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल उपप्रधानाचार्य सतबीर सिंह ने आए हुए डॉक्टरों एवं रोटरी क्लब सदस्यों का धन्यवाद किया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर चीफ एडवाइजर टू रोटरी गवर्नर रो. राजकुमार गर्ग, रोटरी असिस्टेंट गवर्नर रो. डॉ. एस. एस. आहूजा, रोटेरियन राज कुमार गर्ग, रोटरी सचिव विक्रम गुप्ता, स्कूल कोऑर्डिनेटर मनिंदर सिंह घुम्मन तथा स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे।

### छात्राओं ने सीखे सेल्फ डिफेंस के गुर

कुरुक्षेत्र। श्रीकृष्ण मार्शल आर्टस संस्थान द्वारा स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल इस्माइलाबाद की छात्राओं लिए एक



दिवसीय सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को छेड़छाड़ या हमला होने की स्थिति में बचाव की भिन्न-भिन्न तकनीकों का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। संस्थान के मुख्य प्रशिक्षक व अध्यक्ष एडवोकेट राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया असामाजिक तत्वों द्वारा छेड़छाड़ व छींटाकशी करने पर उच्च स्वर में विरोध करना है क्योंकि आमतौर पर छात्राएं ऐसी घटना होने पर इग्नोर कर देती हैं जिससे असामाजिक तत्व का हौसला बहुत बढ़ जाता है और वह महिलाओं के खिलाफ गंभीर अपराधों में शामिल हो जाते हैं। प्रिन्सिपल शालिनी ने बताया की सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग लेकर छात्राओं का मनोबल बहुत ही बढ़ जाता है जिससे किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में छात्राएं विरोधी को करारा सबक सिखाने में सक्षम हो सकती हैं।

## खबर संक्षेप

### अधिकारी समय पर पूरा करें जनगणना कार्य : उपायुक्त

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सभी जनगणना कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी कर्मी अपने अपने मकानसूचिकरण ब्लॉकों मे सभी भवनों और उनमें रहने वाले सभी परिवारों और आवासीय स्थल के बारे में सही सही जानकारी एकत्रित कर समय पर कार्य संपूर्ण करना सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्य अति महत्वपूर्ण है तथा इस कार्य में मात्र 10 दिनों का समय शेष है। इस लिए ड्यूटी कर्मचारी कार्य को बेहतर तरीके से जल्द करना सुनिश्चित करें।

### कानूनी अधिकारी पर किया जागरूक

**शहजादपुर।** सिविल अस्पताल नारायणगढ़ में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के अंतर्गत एक विशेष कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों और अस्पताल के स्टाफ को उनके कानूनी अधिकारों तथा उपलब्ध निशुल्क कानूनी सहायता के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर पीएलवी बलबीर सिंह ने उपस्थित लोगों को सरल एवं प्रभावी तरीके से कानून से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। उन्होंने बताया कि नालसा के तहत समाज के कमजोर वर्गों जैसे महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों तथा आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध करवाई जाती है।

### त्वरित समाधान के लिए शिविर महत्वपूर्ण पहल

**अंबाला।** एसडीएम दर्शन कुमार ने कहा कि आम जनमानस की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान करने के उदेश्य से मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है। सभी विभागों के अधिकारी इसी ध्येय को ध्यान में रखते हुए लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निपटान करवाना सुनिश्चित करें। एसडीएम आज उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहें थें। इस दौरान उन्होंने शिविर में पहुंचे शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समाधान शिविर में पंहुचे अंबाला शहर से सुनीता व करधान से दामिनी ने बीपीएल राशन कार्ड बनवाने को लेकर अंबाला छावनी से हनी ने परिवार पहचान पत्र में नाम ठीक करवाने को लेकर अपनी समस्या रखी।

### नरवाना समाधान शिविर में आई पांच शिकायतें

**नरवाना।** एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर सोमवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें पांच शिकायतें आई। जिनका मौके पर ही निदान कर दिया गया। एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया कि सभी शिकायतों के उचित त्वरित समाधान के लिए मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अलग-अलग दफ्तरों में चक्कर लगाने की बजाय सभी विभागों के अधिकारी एक ही छत के नीचे और एक ही निश्चित समय अवधि में उपलब्ध हो रहे हैं।

## रविदास चौपाल के सामने निर्माण होने के चलते गर्माया मामला

# ब्राह्मण माजरा में बस स्टैंड निर्माण को लेकर टकराव, आमने-सामने आए दो गुट

**निर्माण कार्य शुरू होते ही दोनों गुटों में हुई धक्का मुक्की, तनाव के बाद प्रशासन की ओर से निर्माण कार्य रोका गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। दो गुटों में तनाव का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

अंबाला छावनी से सटे गांव ब्राह्मण माजरा में बस स्टैंड निर्माण को लेकर चल रहा विवाद खुलकर सामने आ गया। सोमवार को प्रशासन ने जैसे ही जेसीबी मशीनों से खुदाई शुरू करवाई, गांव के दो पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते पुलिस की मौजूदगी में ही धक्का-मुक्की और नारेबाजी शुरू हो गई। स्थिति बिगड़ती देख प्रशासन को काम रुकवाना पड़ा। अब एक पक्ष निर्माण स्थल के पास अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गया है। गांव में प्रस्तावित बस स्टैंड की जगह को लेकर पिछले करीब एक सप्ताह से विवाद चल रहा था। विरोध कर रहे लोगों का कहना है कि बस स्टैंड का निर्माण रविदास चौपाल के ठीक सामने कराया जा रहा है, जिससे सामाजिक और धार्मिक माहौल प्रभावित होगा। ग्रामीणों का आरोप है कि बस स्टैंड बनने के बाद वहां बाहरी लोगों की आवाजाही बढ़ेगी और शराब सेवन जैसी गतिविधियां भी हो सकती हैं। इसी कारण वे लगातार जगह बदलने की मांग कर रहे थे। सोमवार सुबह प्रशासनिक टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। जेसीबी मशीन से खुदाई शुरू होते ही विरोध कर रहे लोग मौके पर जुट गए। कुछ ही देर में बस स्टैंड के समर्थन और विरोध में दो गुट आमने-सामने आ गए। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन विवाद बढ़ता गया और दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। हालात उस समय और तनावपूर्ण हो गए जब दोनों पक्षों के लोग पुलिस बैरिकेडिंग के बीच ही भिड़ गए। मौके पर जमकर नारेबाजी हुई और कई बार पुलिस को बीच-बचाव करना पड़ा। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने फिलहाल निर्माण कार्य रुकवा दिया है। गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। बस स्टैंड का विरोध कर रहे लोगों ने निर्माण स्थल के पास ही धरना शुरू कर दिया है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक बस स्टैंड की जगह नहीं बदली जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने प्रशासन पर उनकी बात अनसुनी करने का आरोप लगाया। तनाव को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारी अब दोनों पक्षों के जिम्मेदार लोगों के साथ बातचीत कर समाधान निकालने में जुटे हैं। गांव में माहौल को शांत बनाए रखने के लिए लगातार पुलिस गश्त भी बढ़ा दी गई है। फिलहाल ब्राह्मण माजरा में बस स्टैंड का मुद्दा अब केवल निर्माण तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि गांव के सामाजिक और सामुदायिक टकराव का रूप लेता दिखाई दे रहा है। वहीं, पुलिस प्रशासन मामले में दखलअंदाजी कर शांत करवाने का पूरा प्रयास कर रहा है। ग्रामीण अपने अपने मुद्दो को लेकर लगातार विवाद को बढ़ा रहे है।

### कई दिन से चल रहा विवाद

बस स्टैंड के निर्माण को लेकर पिछले कई दिनों से ब्राह्मण माजरा में तनाव की स्थिति देखी जा रही है। विवाद को खत्म करने के लिए कई बाद पंचायत भी हुई लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। गांव के एक गुट का आरोप है सियासी दबाव की वजह से बस स्टैंड का निर्माण किया जा रहा है। जानबूझकर उनकी चौपाल के सामने यह काम करवाया जा रहा है जबकि वे कई बार बस स्टैंड दूसरी जगह नाने का आग्रह कर चुके हैं।मगर सियासी धौंस दिखाकर दूसरा गुट लगातार गांव का माहौल खराब कर रहा है। इसी वजह से प्रशासन की ओर से सोमवार को गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। इसके बावजूद दूसरे गुट ने निर्माण कार्य नहीं होने दिया। गांव के कई युवा व महिलाएं जेसीबी के आगे डट गई। फिलहाल विरोध की वजह से निर्माण कार्य रोक दिया गया है।

# जिला स्तरीय शतरंज में ओजस ने जीता मुकाबला



अंबाला। विजेता खिलाड़ियों के साथ मुख्यअतिथि व अन्य।

- 120 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लेकर दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में अंबाला डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रतियोगिता में जिले के 12 से अधिक स्कूलों के 120 से ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लेकर अंडर-7 से अंडर-19 वर्ग तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मुख्य अतिथि अखिल जैन एवं शिल्पी जैन ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शतरंज मानसिक विकास, निर्णय क्षमता और नेतृत्व कौशल को बढ़ाने वाला खेल है। एसोसिएशन के चेयरमैन डॉ. विकास कोहली ने कहा कि शतरंज बच्चों में फोकस और तार्किक सोच विकसित करता है। यहां प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कमी नहीं है। प्रधान एडवोकेट नम्रता गौड़ ने कहा कि एसोसिएशन का उद्देश्य खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है। वाइस प्रेसिडेंट आशीष वर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हर मुकाबला अनुभव और आत्मविश्वास बढ़ाने का माध्यम होता है। प्रतियोगिता के दौरान किरनदीप गौड़ को सीनियर नेशनल आर्बिटर बनने पर विशेष सम्मान दिया गया। एसोसिएशन के सचिव रंदीप गौड़ ने बताया कि जूनियर वर्ग में माइंड ट्री स्कूल व ओपीएस स्कूल तथा सीनियर वर्ग में पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल व एमएम स्कूल का प्रदर्शन सराहनीय रहा। प्रतियोगिता में अंडर-7 गर्ल्स वर्ग में एक्षा जैन प्रथम, इनाया गर्ग द्वितीय एवं भवनीत कौर तृतीय स्थान पर रही। अंडर-7 बॉयज वर्ग में अथर्व गर्ग ने पहला, राधक जैन ने दूसरा तथा अयांश बंसल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-11 गर्ल्स वर्ग में त्रिशा प्रथम, आरवी द्वितीय एवं संस्कृति तृतीय रहीं। अंडर-11 बॉयज वर्ग में रियांश भारद्वाज प्रथम, अग्रिम गोयल द्वितीय तथा अजितेश बंसल तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-15 गर्ल्स में निया शर्मा ने प्रथम, शक्ति ने द्वितीय एवं तन्वी ने तृतीय स्थान हासिल किया।

# गुरु ग्रंथ साहिब की बाणी दिखाती है मानवता व भाईचारे का मार्ग: जगतार

- गुरू अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर हुआ गुरमति समागम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर



शहजादपुर। समागम के दौरान कांग्रेसी नेता अशोक मेहता व अन्य।

गुरुद्वारा श्री हांडी खेड़ा पातशाही दसवीं में श्री गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस एवं जेठ मास की अमावस्या के पावन अवसर पर एक महान गुरमति समागम का श्रद्धापूर्वक आयोजन किया गया। समागम के दौरान विशेष रूप से पहुंचे हरिमंदिर साहिब (अमृतसर) के हजूरी रागी भाई जगतार सिंह और सुप्रसिद्ध ढाडी भाई गरजा सिंह मानिकपुर शरीफ वाले के जत्थों ने गुरुबाणी के रसभीने कीर्तन, वैराग्यमयी कथा और सिख कौम के गौरवशाली गुरु-इतिहास से संगत को निहाल किया। इस पावन अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक मेहता ने भी गुरुद्वारा साहिब में पहुंचकर गुरु महाराज के चरणों में शीश नवाया और आशीर्वाद प्राप्त किया। समागम में शिरकत करने के बाद मेहता ने गुरुबाणी से जुड़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि॰धन-धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब महाराज की पवित्र बाणी हमें मानवता, प्रेम और आपसी भाईचारे का मार्ग दिखाती है। श्री गुरु अर्जुन देव जी महाराज की शहादत हमें धर्म और सत्य के मार्ग पर अडिग रहना सिखाती है। इस समय में हम सभी को गुरु ग्रंथ साहिब की दिव्य बाणी के साथ जुड़ना चाहिए ।

### समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनी समस्याएं

**शहजादपुर।** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शिवजीत भारती ने आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार की मंशा है कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से हो, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक शिकायत पर शीघ्र कार्रवाई कर निर्धारित समय में समाधान सुनिश्चित करें। प्रदेश में आयोजित होने वाले सभी समाधान शिविरों की मॉनिटरिंग स्वयं मुख्यमंत्री के द्वारा की जाती है।

### छह ब्लॉक से आए दिव्यांग छात्रों को बांटे उपकरण



**अंबाला।** जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा की अध्यक्षता में बलदेव नगर के प्रांगण में सहायक उपकरण सामग्री वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 3 ट्राइसाइकिल, 7 व्हीलचेयर स्मॉल, 7 व्हीलचेयर बिग, 8 सीपी चेयर, 67 टीएलएम किट प्राइमरी, 4 टीएलएम किट प्री प्राइमरी, 70 टीएलएम किट सैकेंडरी, 2 विजुअल इंपेयर्ड किट, 3 ब्रेल स्लेट, 4 ब्रेल किट, 6 क्रच एल्बो, 6 रोलेटर स्मॉल, 2 रॉलेटर बिग, 20 हियरिंग व

# जफरपुर में दूषित पेयजल से फैली बीमारी, ग्रामीण उल्टी दस्त से पीडित

- शिविर में 27 लोगों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना



मुलाना। मरीजों को दवाई देती स्टाफ नर्स फोटो : हरिभूमि

गांव जफरपुर में पिछले कई दिनों से गंदे पेयजल की सप्लाई होने के कारण ग्रामीणों में बीमारी फैलने का मामला गंभीर होता जा रहा है। गांव में उल्टी, दस्त और पीलिया जैसी बीमारियों के मरीज लगातार सामने आ रहे हैं। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं सहित बड़ी संख्या में लोग स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं।

ग्रामीण धर्मबीर सिंह, रणबीर सिंह, राजेश, कृष्ण, शुभम, राहुल और संदीप ने बताया कि दूषित पानी की वजह से लगातार लोग बीमार पड़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पेयजल में गंदगी आने की शिकायतों के बावजूद संबंधित विभाग द्वारा समय रहते समाधान नहीं किया गया। गांव में युवराज, राजिंदर, तरसेम, राहुल, वैभव, राजिंदर, शीशपाल के परिवार में कई लोग बीमार है । इसके अलावा अन्य भी उल्टी दस्त से पीड़ित है। वहीं पीलिया के तीन संदिग्ध मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट हो गया। विशेष टीम में डॉ. कुलदीप सिंह एसएमओ, डॉ. हरदीप सिंह, नर्सिंग अधिकारी नीतू, एलटी अमित कुमार, सीएचओ सुनीता, सीएचओ नीतू, एमपीएचडब्ल्यू मेल व फीमेल स्टाफ तथा 25 आशा वर्करों को शामिल किया गया।

### आईटीआई में दाखिले के लिए 25 दिन करना होगा इंतजार, जून माह के प्रथम सप्ताह में होंगे शुरू

**अंबाला।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में दाखिले की उम्मीद लगाए बैठे युवाओं को अभी थोड़ा और इंतजार करना होगा। हरियाणा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग इस बार दाखिला प्रक्रिया मई के बजाय जून माह के प्रथम सप्ताह से शुरू करने जा रहा है ऐसे में विद्यार्थियों को करीब 25 दिन का लंबा इंतजार करना पड़ेगा। विभाग ने विद्यार्थियों को समय रहते अपने जरूरी दस्तावेज तैयार रखने की हिदायत दी है। विभाग के निदेशक की ओर से जारी आवश्यक सूचना के मुताबिक, आगामी सत्र 2026-27 की दाखिला प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाया गया है। दाखिला के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए अनिवार्य दस्तावेज की सूची जारी की गई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

# 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर करेंगे सत्यापन कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। डीसी अजय सिंह तोमर ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत पात्रता तिथि 1 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। 5 जून 2026 से 14 जून 2026 तक तैयारियां, प्रशिक्षण एवं मुद्रण कार्य किया जाएगा। इसके उपरांत 15 जून 2026 से 14 जुलाई 2026 तक बीएलओ द्वारा मतदाताओं के घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य किया जाएगा तथा सभी मतदाता बूथ लेवल अधिकारी द्वारा घर घर बांटे गए इनुमरेशन फॉर्म को 14 जुलाई 2026 से पूर्व बूथ लेवल अधिकारी को हस्ताक्षर करके वापिस जमा करवाए । इसके साथ-साथ मतदान केंद्रों का रेशनलाइजेशन कार्य 14 जुलाई तक पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम अनुसार मतदाता सूची के ड्राफ्ट का प्रकाशन 21 जुलाई को किया जाएगा। इसके बाद दावे एवं आपत्तियां दर्ज करवाने की अवधि 21 जुलाई 2026 से 20 अगस्त 2026 तक है। इनके निपटान की प्रक्रिया 21 जुलाई 2026 से 18 सितंबर 2026 तक चलेगी। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 22 सितंबर 2026 को किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान अपने नाम, पता एवं अन्य विवरणों का सत्यापन अवश्य करवाएं ।

STARWAY SENIOR SECONDARY SCHOOL
Village Khurdi, Distt. Yamuna Nagar
English Medium, Permanent Recognised
Heartiest Congratulations! to Students, Parents & Teachers For Excellent Board Results
on achieving good marks in result 2025-26
MERITORIOUS STUDENTS OF CLASS X
DEEPAK 95% | KANAN 94.8% | UDAY 94% | LOKESH 93.2% | SANIA 92.6% | TRISHA 90.8% | TANUSH 89.8% | KASHISH 89.6% | GURPREET 88.4%
SIYA 88% | AKSHIYA 87.6% | AVISH 87.6% | CHAHAT 87.2% | KESHAV 86.8% | DIPANSHU 86.6% | VANSHIKA 85.4% | VISHESH 85.2% | VAIBHAV 84.6%
RITIKA 84.2% | ANSHIKA 83.4% | AVIRAL 83% | VANDANA 82.8% | DIPANSHI 82.4% | DIVANSHU 82.4% | HARSH 82.4% | MANVI 82.4% | MADHUR 81.6% | RAVISH 81%
MERITORIOUS STUDENTS OF CLASS XII
DRISHTI 91.2% (ART) | JANVI 91.2% (COMM.) | VANDANA 89.4% (ART) | RUDER 89.4% (NM) | SAKSHI 88.8% (NM) | DHARYA 88.6% (NM) | CHAILSI 88.4% (NM) | AGRIM 88% (NM)
TANISH BP 87.8% (NM) | HARSH 87% (NM) | SHAGUN 86.8% (COMM.) | SAMIKSHA 86.8% (MED.) | TUSHANT 86% (NM) | TANISH HR 85.6% (NM) | SRISHTI 85.2% (NM) | KHUSHBOO 85% (COMM.)
GAGAN 84.8% (NM) | ARYASH 84.2% (COMM.) | MOHIT 82.2% (MED.) | DIPANSHU 82.2% (NM) | HARSHIT 81.8% (COMM.) | RITIKA 81.2% (ART)
Congratulations
ADMISSION OPEN
For +1 (Medical, Non-Medical, Commerce, Arts)
Ph. 90503-37486, 80533-50625
Principal